आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 11.03.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- राज्य विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 19 हजार 206 करोड़ 79 लाख रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया।
- प्रदेश में प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 1.39 लाख से बढ़कर 1.52 लाख रूपए से अधिक हुई, राज्य विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश।
- प्रदेश में सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 में ड्रॉप–आउट दर को कम करने ब्रिज कोर्स संचालित, अप्रैल माह में होगा बेस लाइन टेस्ट।
- **मुंबई में महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के अंतिम लीग मैच में आज शाम साढे सात बजे से मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।**

अनुपूरक बजट

राज्य विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज 19 हजार 206 करोड़ 79 लाख 529 रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इस अनुपूरक बजट में शासकीय आवासों की मरम्मत के लिए 205 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सिंचाई परियोजनाओं के लिए एक हजार करोड़ और गेहूं खरीदी के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, नहरों के निर्माण और मरम्मत के लिए दूसरे अनुपूरक बजट में एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पेश किए गए अनुपूरक अनुमान के अनुसार औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन योजना के लिए 726 करोड़ रुपए, अटल गृह ज्योति योजना के लिए 622.4484 करोड़ रुपए और खाद्य विभाग के उपार्जन के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन के लिए 1 हजार 75 करोड 80 लाख रुपए और वन विभाग के वानिकी और वन्य जीव के विकास के लिए 293 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

आर्थिक सर्वेक्षण

प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद प्रचलित भावों पर 15 लाख 3 हजार 395 करोड़ तक पहुँच गया है। इसमें उत्पादन, वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में वृद्धि शामिल है। सरकार का कहना है कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था के विस्तार को प्रदर्शित करता है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह करीब 13 लाख 53 हजार करोड़ था। इस तरह सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 11 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह जानकारी आज विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में दी गयी है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक राज्य में प्रचलित भावों पर प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 2023–24 में 1 लाख 39 हजार 713 रुपये थी जो अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार 615 हो गयी है। वहीं, मुद्रास्फीति के लिहाज से देखें तो प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 70 हजार 434 रुपए हो गयी है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि, पशुधन, वानिकी सहित प्राथमिक क्षेत्र का योगदान मामूली रूप से कम हुआ है जबकि निर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ा है। अर्थव्यवस्था में अहम् योगदान सेवा क्षेत्र मसलन व्यापर, होटल, रेलवे इत्यादि का माना गया है।

प्रधानमंत्री–मॉरिशस यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मॉरिशस के पैम्पलेमौसेस में सर शिवसागर रामगुलाम वनस्पति उद्यान में मॉरिशस के पूर्व राष्ट्रपति सर अनिरुद्ध जगन्नाथ और पूर्व प्रधानमंत्री सर शिवसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मॉरीशस की प्रगति में दोनों नेताओं की स्थायी विरासत और भारत–मॉरिशस संबंधों को प्रगाढ बनाने में उनकी भूमिका को याद किया। पुष्पांजलि समारोह के बाद श्री मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने एक उद्यान में एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत एक पेड़ लगाया। श्री मोदी ने इस पहल में डॉ. नवीन रामगुलाम की भागीदारी के लिए उनका

आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम प्रकृति, मातृत्व और स्थिरता को सम्मानित करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. रामगुलाम का समर्थन हरित और बेहतर भविष्य को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की साझी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## निर्वाचन आयोग-राजनीतिक दल

**निर्वाचन आयोग ने आज सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी-ईआरओ, जिला चुनाव अधिकारी-डीईओ या मुख्य चुनाव अधिकारी-सीईओ के स्तर पर अनसुलझे मुद्दों पर 30 अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयोग ने कहा कि इसके माध्यम से चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी समस्याओं को कानूनी ढंग से हल करने तथा 31 मार्च तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।**

लोकसभा–मनरेगा

सरकार ने कहा कि देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में जहां भी निर्देशों और नियमों का उल्लंघन होगा, वहां टीमें भेजकर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह बात आज केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान आपूर्ति विभाग के सवालों के जवाब में कही। केंद्रीय मंत्री ने सदन में किसानों को प्रधानमंत्री  सम्मान निधि मिलने को लेकर कहा कि–

वेब्स–2025

वेव्स एंटी–पायरेसी चैलेंज क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य तेजी से आगे बढ़ते तकनीकी युग में डिजिटल सामग्री की सुरक्षा करना है। जैसे–जैसे डिजिटल मीडिया की खपत बढ़ती है, वैसे–वैसे पायरेसी और सामग्री हेर–फेर की चुनौतियाँ भी बढ़ती हैं। यह चुनौती फ़िंगर प्रिंटिंग और वॉटर मार्किंग तकनीकों में अभिनव समाधानों को बढ़ावा देने का प्रयास करती है, जिससे व्यक्तियों, शोध टीमों, स्टार्ट अप और स्थापित संगठनों की भागीदारी को बढ़ावा मिलता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से भारतीय उद्योग परि संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 1 हजार 296 पंजीकरण प्राप्त हुए, जो डिजिटल सामग्री सुरक्षा में गहरी रुचि को दर्शाता है। यह चुनौती विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन का हिस्सा है, जो संपूर्ण मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के मेल मिलाप के लिए एक अनूठा केन्द्र और अध्ययन मंच है। यह आयोजन एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है जिसका उद्देश्य वैश्विक एम एंड ई उद्योग का ध्यान भारत की ओर आकर्षित करना और इसे भारतीय एम एंड ई क्षेत्र के साथ–साथ इसकी प्रतिभाओं से जोड़ना है। सम्मेलन 1–4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा।

ड्रॉप–आउट दर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में अध्ययन के स्तर और दक्षता को सुधारने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ब्रिज कोर्स का संचालन कर रहा है। प्रदेश में 4 हजार 200 हाई स्कूल और 4 हजार 100 हायर सेकण्डरी सरकारी स्कूलों में हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित के एक–एक शिक्षक को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था मार्च माह से शुरू कर दी गई है। ब्रिज कोर्स के माध्यम से सरकारी स्कूलों को ड्रॉप–आउट दर को कम करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अप्रैल माह में और 16 जून से 20 जुलाई तक ब्रिज कोर्स का संचालन करेंगे। ब्रिज कोर्स के दौरान ही 5 और 12 अप्रैल को इन विद्यार्थियों का बेस लाइन टेस्ट अंग्रेजी, गणित और हिन्दी में लिया जायेगा।

धान उपार्जन के लिए तकनीकी मदद

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार धान के उपार्जन की प्रक्रिया को पारदर्शी और दोष रहित बनाने के लिए तकनीकी का सहारा लेगी। आज विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा के दौरान उन्होंने यह जानकारी दी। श्री राजपूत ने बताया कि धान के परिवहन से जुड़े वाहनों पर जीपीएस लगाया जाएगा और एक नियंत्रण कक्ष के जरिये इन वाहनों के आवागमन की निगरानी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि उनका विभाग एक सॉफ्टवेयर पर भी काम कर रहा है जिसमें उपार्जन की पूरी प्रक्रिया को शामिल किया गया और इससे उपार्जन में अनियमितताओं को भी रोका जा सकेगा।

दरअसल, वरिष्ठ भाजपा विधायक अजय विश्नोई ने जबलपुर जिले में धान उपार्जन के दौरान अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया था। उनका कहना था कि उपार्जन के लिए किसानों को टोकन लेने के लिए भी पैसे देने पड रहे हैं और अन्य जिलों के मिलर धान के परिवहन में गड़बड़ी कर सरकार से पैसा ले रहे हैं।

## क्रिकेट महिला प्रीमियर लीग

मुंबई में महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के अंतिम लीग मैच में आज शाम साढे सात बजे से मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मुंबई यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। अगर मुंबई हार जाती है, तो बृहस्पतिवार को एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जायंट्स के साथ खेलेगी। दिल्ली अंक तालिका में पहले स्थान पर है। वर्तमान विजेता बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्स पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

समाचार संक्षेप में :—

- जबलपुर की सीमा से लगे मंडला के गांव देवरी बकई में 9 साल बाद झील महोत्सव में जबलपुर के बरगी बांध में पर्यटक वाटर स्पोटर्स, एयर स्पोटर्स और लैंड स्पोटर्स का लुत्फ उठा सकेंगे।
- शिवुपरी जिले में होली सहित अन्य त्यौहारों को देखते हुए आज कलेक्टर की अध्यक्षता में सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।
- अशोकनगर में आज जनसुनवाई में कलेक्टर ने जिले के आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए।
- नर्मदापुरम में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन कल 12 मार्च को जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में किया जा रहा है।
- आगरमालवा कलेक्टर ने घटते जल स्तर को ध्यान में रखते हुए आने वाली ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता को बनाए रखने के मद्देनजर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- राज्य विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 19 हजार 206 करोड़ 79 लाख रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया।
- प्रदेश में प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 1.39 लाख से बढ़कर 1.52 लाख रूपए से अधिक हुई, राज्य विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश।
- प्रदेश में सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 में ड्रॉप–आउट दर को कम करने ब्रिज कोर्स संचालित, अप्रैल माह में होगा बेस लाइन टेस्ट।
- **मुंबई में महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के अंतिम लीग मैच में आज शाम साढे सात बजे से मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।**

....................